'rity, is 11.78 million tonnes. Power house wise details are as follows:

Power House	Annual Demand in Million tonnes
Gandhinagar	2.60
Ukai	3.45
Sikka	0.75
Wanakbori	4.98
TOTAL	11.78

(b) to (d) Actual despatches to Power Stations of Gujarat Electricity Board during the year 1991-92 and 1992-93 were as follows:—

Year	In million tonnes
	(Data Provisional)
1991-92	9.272
1992-93	11.071

*The quantity of coal supplied during the period April to October, 1993 was 6.60 million tonnes (provisional) as against pro-rata demand of 6.53 million tonnes (provisional). The supplies during the 'current year ' have' been more than the dernand projected by -Central Electricity Authority.

*(e) Coal India Ltd. is in aposition to meet the demand of coal for all the power stations under Gujarat Electricity Board as projected by Central Electricity Authority. A close watch is also maintained over the coal Supplies to the power sector.

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की बाजारी परियोजना हेतु विश्व बैंक का ऋण

289. **श्री अजित जोगी** : क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विश्व बैंक ईस्टर्न कोल फील्डस लिमिटेड की बाजारी परियोजना के लिए ऋण देने पर सहमत हो गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उसकी शर्तें क्या हैं;

(ग) क्या विश्व बैंक ने विभिन्न कोयला-क्षेत्रों में आग बुझाने के नए तरीके खोजने के लिए भी सहायता दी है; और

(घ) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) : (क) और (ख) ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड की सोनपुर बाजारी ओपन-कास्ट परियोजना, जो कि 3 मि० टन प्रति वर्ष की लक्षित क्षमता के लिए क्रियान्वयनाधीन है, उक्त परियोजना के लिए वर्तमान में विश्व बैंक से 97.86 मिलियन अमरीकी डालर की ऋण की राशि उपलब्ध है। ऋण की अंतिम तारीख 30-9-94 है अथवा बाद की ऐसी कोई तारीख होगी, जो कि बैंक द्वारा निर्धारित की जाएगी।

(ग) और (घ) अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ ने झरिया खान अग्नि नियंत्रण तकनीकी सहायता परियोजना के अन्तर्गत 8.6 मिलियन के बराबर की ऋण की राशि विशेष निकासी अधिकारों के अन्तर्गत उपलब्ध की है, जिसका उद्देश्य झरिया कोयला क्षेत्र की आगों के साथ निपटने के लिए एक नैदानिक अध्ययन किया जाना है। ऋण की अन्तिम तारीख 30-6-95 है अथवा बाद की ऐसी तारीख होगी, जो कि संघ निर्धारित करेगा।

कोयला परियोजनाओं का समय पर पूरा किया जाना

290. **श्री अजीत जोगी** : क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने कोयला परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के संबंध में निगरानी

व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु दिशानिर्देश जारी किए हैं;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है; और

(ग) इन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए सरकार द्वारा अन्य कौन-कौन से कदम उठाए जा रहे है ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) : (क) और (ख) कोयला मंत्रालय ने सभी कोयला कम्पनियों को यथोचित मार्ग-निर्देशन जारी किए हैं। विभिन्न स्तरों पर परियोजनाओं के प्रबोधन प्रणाली का नीचे दिये गए ब्यौरों के अनुसार मानकीकरण किया गया है :

स्तर	किसके द्वारा	अवधि
1. क्षेत्र	महाप्रबंधक	मासिक
2. सहायक कम्पनी	अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निदेशक परियोजना	मासिक
3. धारक कम्पनी	(i) अध्यक्ष	मासिक (आपवादिक रूप में)
	(ii) निदेशक बोर्ड	बड़ी परियोजनाओं की प्रत्येक बैठक में पुनरीक्षा की जाती है।
4. सरकार	(i) सलाहकार (परियोजना) सचिव	मासिक (आपवादिक रूप में)
	(ii) मंत्री	तिमाही (अधिक विलम्बित परियोजनाएं)

(ग) परियोजनाओं के समय पर पूर्ण किए जाने के लिए हाल ही में सरकार ने विभिन्न उपाए किए है। इसमें से कुछ उपाय नीचे दिये गए हैं :-

(i) 50 करोड़ रुपए तथा इससे अधिक लागत की बड़ी परियोजनाओं के द्वि-चरण अनुमोदन किया जाता है, प्रथम चरण के क्रियाकलापों जैसे--- भूमि अधिग्रहण, वानिकी तथा पर्यावरणीय आदि अनुमोदन पर प्राथमिक कार्यवाही शुरू किए जाने के लिए 10 करोड़ रु० तक की राशि के "अग्रिम कार्य प्रस्ताव" स्वीकृत करना।

(ii) कार्यान्वयनाधीन विलम्बित बड़ी परियोजनाओं का गहन प्रबोधन, जिसमें बाह्य प्रबोधन अधिकरणों में विशेषज्ञों की सेवाओं को कार्यरत करना भी शामिल है।

Coal supply to Visakhapatnam Steel Plant

291 SHRI S. S. AHLUWAI.1A : Will the Minister of COAL be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Coal India Limited has been entrusted with the